# स्वामी विवेकानन्द राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय घुमारवीं

EST-1994

जिला बिलासपुर (हि०प्र०)

## वार्षिक-प्रतिवेदन : 2024-25



## वार्षिक पारितोषिक-वितरण समारोह

दिनाँक 01 मार्च, 2025

मुख्यातिथि

## राजेश धर्माणी

माननीय नगर नियोजन, आवास और तकनीकी शिक्षा एवं
व्यावसायिक शिक्षा एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मन्त्री

प्रस्तुतीकरण
डॉ० राकेश राणा
प्राचार्य

# स्वामी विवेकानन्द राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय घुमारवीं

## जिला बिलासपुर ( हि०प्र० )

## वार्षिक-प्रतिवेदन सत्र 2024-25

**परिचय**

स्वामी विवेकानन्द राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय, घुमारवीं 1 जुलाई 1994 को हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना के साथ अस्तित्व में आया। इसकी स्थापना के बाद से महाविद्यालय का प्रसार हुआ और उत्तरोत्तर उच्च प्रतिष्ठित सह-शिक्षा संस्थानों में से एक के रूप में अपनी पहचान बनाई है। सीखना तथा उत्कृष्टता की संस्कृति पर ध्यान केन्द्रित करना यहाँ की हर कक्षा और विभाग में व्याप्त है। महाविद्यालय न केवल शिक्षित होने पर अपितु सीखने और मानवीय मूल्यों को विकसित करने के लिए अद्भुत ऊर्जा पैदा करने पर ध्यान केन्द्रित करता है।

महाविद्यालय का भव्य और सुन्दर भवन ए.सी.सी. द्वारा निर्मित किया गया है और महाविद्यालय हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला-5 से सम्बद्ध है। महाविद्यालय को 2009 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अनुच्छेद-2 (एफ) और 12 (बी) के तहत सम्बद्धता मिली और 2020 में राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद् द्वारा ग्रेड बी० संस्थान के रूप में मान्यता प्राप्त है। महाविद्यालय का पूरा परिसर सीसीटीवी निगरानी में है और वाई-फाई से जुड़ा हुआ है। महाविद्यालय में कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, जलपान-गृह और खेल के मैदान के रूप में पर्याप्त आधारभूत ढांचा है। इसकी अपनी व्यायामशाला और एक कन्या छात्रावास है। महाविद्यालय बी.बी.ए., बी.सी.ए., पी.जी.डी.सी.ए. और बी.वॉक, जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रदान करता है। आठ विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम महाविद्यालय के महत्त्व को उत्तरोत्तर बढ़ा रहे हैं। महाविद्यालय भौतिकी प्रयोगशाला, जीआईएस लैब और सूचना और प्रौद्योगिकी के लिए वातानुकूलित प्रयोगशालाओं से सुसज्जित है। महाविद्यालय में इग्नू का अध्ययन केन्द्र भी प्रगति पथ पर अग्रसर है।

**विद्यार्थी पंजीकरण ( सत्र 2024-2025 )**

महाविद्यालय में सत्र 2024-25 में विद्यार्थियों के पंजीकरण में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है इस वर्ष की कुल पंजीकरण संख्या 2357 रही, जिनमें 1446 लड़कियाँ तथा 911 लड़के हैं।

# Enrolment of Students Session 2024-25

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संकाय | **Class Name** | **General** | | **S.C.** | | **S.T.** | | **O.B.C.** | | **Tot.** | **Tot.** | **GT** |
| | **Year/Sem.** | **B** | **G** | **B** | **G** | **B** | **G** | **B** | **G** | **B** | **G** | (11+12) |
| कला संकाय | BA-1 Year | 61 | 113 | 21 | 50 | 4 | 4 | 14 | 12 | 100 | 179 | 279 |
| | BA-2nd Year | 45 | 111 | 19 | 44 | 4 | 4 | 2 | 16 | 70 | 175 | 245 |
| | BA-3rd year | 29 | 105 | 6 | 31 | 2 | 4 | 1 | 7 | 38 | 147 | 185 |
| | **Total** | **135** | **329** | **46** | **125** | **10** | **12** | **17** | **35** | **208** | **501** | **709** |
| विज्ञान संकाय | B.Sc.-1 Year | 57 | 90 | 8 | 29 | 1 | 0 | 6 | 11 | 72 | 130 | 202 |
| | B.Sc.-2nd Year | 33 | 54 | 7 | 9 | 0 | 1 | 5 | 6 | 45 | 70 | 115 |
| | B.Sc.-3rd year | 36 | 57 | 6 | 8 | 2 | 2 | 12 | 1 | 56 | 68 | 124 |
| | **Total** | **126** | **201** | **21** | **46** | **3** | **3** | **23** | **18** | **173** | **268** | **441** |
| वाणिज्य संकाय | B.Com.-1 Year | 37 | 29 | 19 | 15 | 0 | 0 | 6 | 3 | 62 | 47 | 109 |
| | B.Com.-2nd Year | 32 | 32 | 7 | 8 | 0 | 0 | 7 | 1 | 46 | 41 | 87 |
| | B.Com.-3rd year | 20 | 21 | 6 | 8 | 0 | 0 | 4 | 5 | 30 | 34 | 64 |
| | MCom-1st | 4 | 18 | 3 | 4 | 0 | 0 | 2 | 1 | 9 | 23 | 32 |
| | MCom-3rd | 5 | 16 | 3 | 6 | 0 | 0 | 0 | 2 | 8 | 24 | 32 |
| | **Total** | **98** | **116** | **38** | **41** | **0** | **0** | **19** | **12** | **155** | **169** | **324** |
| **BCA** | BCA-1 Sem. | 35 | 8 | 6 | 4 | 0 | 0 | 2 | 0 | 43 | 12 | 55 |
| | BCA-3 Sem. | 19 | 12 | 10 | 2 | 0 | 0 | 6 | 1 | 35 | 15 | 50 |
| | BCA-5 Sem. | 11 | 21 | 5 | 2 | 0 | 0 | 7 | 3 | 23 | 26 | 49 |
| | **Total BCA** | **65** | **41** | **21** | **8** | **0** | **0** | **15** | **4** | **101** | **53** | **154** |
| **BBA** | BBA-1 Sem. | 15 | 14 | 9 | 3 | 0 | 0 | 3 | 0 | 27 | 17 | 44 |
| | BBA-3 Sem. | 16 | 14 | 4 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 20 | 18 | 38 |
| | BBA-5 Sem. | 20 | 7 | 4 | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 25 | 10 | 35 |
| | **Total BBA** | **51** | **35** | **17** | **9** | **1** | **0** | **3** | **1** | **72** | **45** | **117** |
| कला स्नात्कोत्तर | MA-(Eng)1st | 7 | 13 | 1 | 3 | 0 | 0 | 0 | 3 | 8 | 19 | 27 |
| | MA-(Eng) 3rd | 3 | 7 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 4 | 9 | 13 |
| | MA-Pol Sc-1st | 1 | 12 | 13 | 2 | 0 | 0 | 0 | 3 | 14 | 17 | 31 |
| | MA-Pol Sc-3rd | 3 | 19 | 0 | 9 | 0 | 1 | 0 | 0 | 3 | 29 | 32 |
| | **Total** | **14** | **51** | **15** | **15** | **0** | **2** | **0** | **6** | **29** | **74** | **103** |
| गणित स्नात्कोत्तर | M.Sc.-1 Sem | 5 | 19 | 1 | 6 | 1 | 1 | 1 | 4 | 8 | 30 | 38 |
| | M.Sc.-3 Sem | 9 | 24 | 1 | 1 | 1 | 1 | 2 | 1 | 13 | 27 | 40 |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **Total** | **14** | **43** | **2** | **7** | **2** | **2** | **3** | **5** | **21** | **57** | **78** |
| भौतिक विज्ञान | M.Sc.-1 Sem | 3 | 20 | 3 | 3 | 0 | 0 | 2 | 2 | 8 | 25 | 33 |
| | M.Sc.-3 Sem | 2 | 17 | 1 | 2 | 0 | 1 | 0 | 2 | 3 | 22 | 25 |
| | **Total** | **5** | **37** | **4** | **5** | **0** | **1** | **2** | **4** | **11** | **47** | **58** |
| रसायन विज्ञान | M.Sc.-1 Sem | 5 | 15 | 2 | 5 | 0 | 1 | 1 | 1 | 8 | 22 | **30** |
| | M.Sc.-3 Sem | 8 | 18 | 0 | 5 | 0 | 1 | 1 | 0 | 9 | 24 | **33** |
| | **Total** | **13** | **33** | **2** | **10** | **0** | **2** | **2** | **1** | **17** | **46** | **63** |
| वनस्पति विज्ञान | M.Sc.-1 Sem | 3 | 12 | 0 | 7 | 0 | 3 | 0 | 4 | 3 | 26 | **29** |
| | M.Sc.-3 Sem | 2 | 24 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 | 28 | **30** |
| | **Total** | **5** | **36** | **0** | **10** | **0** | **3** | **0** | **5** | **5** | **54** | **59** |
| जीव विज्ञान | M.Sc.-1 Sem | 2 | 18 | 1 | 3 | 0 | 3 | 0 | 3 | 3 | 27 | **30** |
| | M.Sc.-3 Sem | 5 | 19 | 2 | 3 | 0 | 2 | 0 | 1 | 7 | 25 | **32** |
| | **Total** | **7** | **37** | **3** | **6** | **0** | **5** | **0** | **4** | **10** | **52** | **62** |
| BVoc | HT & Mgmt.-1st | 12 | 9 | 6 | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 19 | 12 | **31** |
| | HT & Mgmt.-3rd | 15 | 4 | 6 | 0 | 0 | 0 | 3 | 1 | 24 | 5 | **29** |
| | HT & Mgmt.-5th | 12 | 5 | 8 | 4 | 0 | 0 | 1 | 0 | 21 | 9 | **30** |
| | **Total** | **39** | **18** | **20** | **5** | **1** | **0** | **4** | **3** | **64** | **26** | **90** |
| | Retail Mgmt.-1 | 15 | 10 | 4 | 5 | 0 | 0 | 1 | 2 | 20 | 17 | **37** |
| | Retail Mgmt.-3 | 4 | 6 | 5 | 5 | 0 | 0 | 1 | 0 | 10 | 11 | **21** |
| | Retail Mgmt.-5 | 4 | 6 | 3 | 5 | 0 | 0 | 0 | 1 | 7 | 12 | **19** |
| | **Total** | **23** | **22** | **12** | **15** | **0** | **0** | **2** | **3** | **37** | **40** | **77** |
| **PGDCA** | PGDCA-1 | 6 | 12 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 8 | 14 | **22** |
| | **GRAND TOTAL** | **601** | **1011** | **202** | **303** | **17** | **30** | **91** | **102** | **911** | **1446** | **2357** |

## स्वीकृत एवं रिक्त पदों कि विस्तृत जानकारी

| क्र.सं | विषय | स्वीकृत पद | भरे हुए पद | | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | नियमित | अनुबंध | |
| 1 | संस्कृत | 2 | 2 | 0 | 0 |
| 2 | हिंदी | 2 | 1 | 1 | 0 |
| 3 | अंग्रेजी | 4 | 2 | 0 | 2 |
| 4 | गणित | 5 | 4 | 0 | 1 |
| 5 | समाजशास्त्र | 1 | 0 | 0 | 1 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 6 | लोक प्रशासन | 2 | 2 | 0 | 0 |
| 7 | अर्थशास्त्र | 2 | 2 | 0 | 0 |
| 8 | इतिहास | 1 | 1 | 0 | 0 |
| 9 | संगीत (गायन) | 1 | 1 | 0 | 0 |
| 10 | संगीत (वादन) | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 11 | भौतिक विज्ञान | 6 | 5 | 0 | 1 |
| 12 | रसायन विज्ञान | 4 | 4 | 0 | 0 |
| 13 | वनस्पति विज्ञान | 3 | 2 | 1 | 0 |
| 14 | जीव विज्ञान | 3 | 2 | 0 | 1 |
| 15 | राजनीतिशास्त्र | 2 | 2 | 0 | 0 |
| 16 | वाणिज्य | 3 | 3 | 0 | 0 |
| 17 | भूगोल | 2 | 2 | 0 | 0 |
| 18 | शारीरिक शिक्षा | 1 | 0 | 1 | 0 |
| 19 | कंप्यूटर अनुप्रयोग | 1 | 1 | 0 | 0 |
| 20 | पत्रकारिता एवं जनसंचार | 1 | 1 | 0 | 0 |
| 21 | पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन | 1 | 1 | 0 | 0 |
| 22 | शिक्षा | 1 | 0 | 1 | 0 |
| 23 | पर्यावरण विज्ञान | 1 | 0 | 1 | 0 |
| | **कुल** | **50** | **38** | **5** | **7** |

## गैर शिक्षक स्वीकृत एवं रिक्त पदों कि विस्तृत जानकारी

| क्र.सं | पद | स्वीकृत पद | भरे हुए पद | | रिक्त पद | PTA/ HEIS |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | नियमित | अनुबंध | | |
| 1 | अधीक्षक ग्रेड-1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | अधीक्षक ग्रेड-2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 3 | वरिष्ठ सहायक | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | पुस्तकालय अध्यक्ष | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 5 | सह पुस्तकालय अध्यक्ष | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | लिपिक | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 |
| 7 | स्टोर कीपर | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 8 | वरिष्ठ प्रयोगशाला परिचारक | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 |
| 9 | कनिष्ठ प्रयोगशाला परिचारक | 3 | 1 | 0 | 1 | 1 (PTA) |
| 10 | प्रयोगशाला परिचारक | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 |
| 11 | तबला वादक | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 12 | पशु संग्राहक/C-IV | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 13 | चपरासी/चौकीदार | 7 | 6 | 0 | 1 | 0 |
| 14 | सफाई कर्मचारी | 2 | 0 | 0 | 0 | 01 PTA, 01 HEIS |
| | **कुल** | 26 | 16 | | 7 | 3 |

## परीक्षा परिणाम सत्र 2023-24

| Program Name | No. of Student Appears in the final year exam | No. of student passed in final year | Pass Percentage |
|---|---|---|---|
| BSC With Botany | 14 | 13 | 93% |
| BSC With Chemistry | 35 | 30 | 86% |
| BSc with Zoology | 31 | 29 | 94% |
| BSc with Physics | 25 | 22 | 88% |
| BSc with Maths | 21 | 18 | 86% |
| BA With Economics | 5 | 5 | 100% |
| BA with Education | 15 | 15 | 100% |
| BA with English | 13 | 13 | 100% |
| BA with Geography | 40 | 39 | 98% |
| BA With History | 44 | 44 | 100% |
| BA with Sanskrit | 1 | 1 | 100% |
| BA with Music | 5 | 5 | 100% |
| BA with  Hindi | 44 | 38 | 86% |

| | | | |
|---|---|---|---|
| BA with BJMC | 4 | 4 | 100% |
| BA with Pol Science | 39 | 37 | 95% |
| BA with Public Ad | 9 | 8 | 89% |
| BA with Sociology | 5 | 5 | 100% |
| BBA | 29 | 24 | 83% |
| BCA | 33 | 30 | 91% |
| BCOM | 89 | 85 | 96% |
| PGDCA | 23 | 22 | 96% |
| MA English | 8 | 8 | 100% |
| MA Pol . Sci. | 29 | 25 | 86% |
| M Com | 28 | 27 | 96% |
| MSc. Phy | 37 | 31 | 84% |
| MSc. Chem | 31 | 13 | 42% |
| MSc. Bot | 33 | 32 | 97% |
| MSc. Zoo | 29 | 27 | 93% |
| MSc. Math | 36 | 17 | 47% |
| **Total** | **756** | **667** | 88% |

**कार्यभार :-**

1. डॉ० राकेश राणा (प्राचार्य) ने इस महाविद्यालय में कार्यभार ग्रहण किया।
2. डॉ० पुष्पेन्द्र सिंह ठाकुर सह आचार्य (अर्थशास्त्र) ने इस महाविद्यालय में कार्य भार ग्रहण किया।
3. डॉ० अंजू सहायक प्राध्यापिका (शारीरिक शिक्षा) ने इस महाविद्यालय में कार्यभार ग्रहण किया।
4. श्री राकेश शर्मा (अधीक्षक प्रथम श्रेणी) ने इस महाविद्यालय में कार्यभार ग्रहण किया।
5. श्री मनोज कुमार (अधीक्षक द्वितीय श्रेणी) ने इस महाविद्यालय में कार्यभार ग्रहण किया।
6. श्री वरूण कुमार कनिष्ठ कार्यालय सहायक (सूचना प्रौद्योगिकी) ने इस महाविद्यालय में कार्यभार ग्रहण किया।

## स्थानांतरण :-

1. श्री पंकज चौहान (अधीक्षक द्वितीय श्रेणी) का स्थानांतरण हुआ।
2. श्री मनोज कुमार (अधीक्षक द्वितीय श्रेणी) का स्थानांतरण हुआ।
3. श्री ज्योति प्रसाद (वरिष्ठ सहायक) का स्थानांतरण हुआ।
4. श्रीमती शिव देवी (चपरासी) का स्थानांतरण हुआ।

## सेवानिवृत्ति :-

1. प्रोफेसर रामकृष्ण (प्राचार्य) इस सत्र में महाविद्यालय से सेवानिवृत्त हुए।
2. श्रीमती नीलम शर्मा सह आचार्य (अंग्रेजी) इस सत्र में महाविद्यालय से सेवानिवृत्त हुईं।
3. श्री प्रीतम लाल (अधीक्षक प्रथम श्रेणी) इस सत्र में महाविद्यालय से सेवानिवृत्त हुए।
4. वरिष्ठ सहायक व्याख्याता श्री नानक चन्द इस सत्र में महाविद्यालय से सेवानिवृत्त हुए।
5. श्रीमती माया देवी (चपरासी) इस सत्र में महाविद्यालय से सेवानिवृत्त हुई।

## महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाएं तथा सत्र 2024-25 में आयोजित गतिविधियाँ

### उच्च शिक्षण संस्थान समिति (HEIS ) - ( प्रभारी डॉ सुरेश शर्मा )

महाविद्यालय में उच्च शिक्षा संस्थान समिति (HEIS) के तत्वावधान में बीसीए, बीबीए की स्नातक तथा पीजीडीसीए के पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन पाठ्यक्रमों में प्रत्येक सत्र में लगभग 130 विद्यार्थी प्रवेश लेते हैं। इस समय इन पाठ्यक्रमों में क्षेत्र के 350 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। सभी पाठ्यक्रम हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त हैं। सोसायटी के पास अपनी प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय तथा अन्य संसाधन उपलब्ध हैं। इसमें 19 सुयोग्य शिक्षक,गैर शिक्षक तथा अन्य कर्मचारी अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

### इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय केंद्र - ( प्रभारी - प्रो० बचन सिंह )

अक्तूबर 2010 से महाविद्यालय में इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय केन्द्र अनवरत रूप से विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित है। कामगार लोग एवं विद्यार्थी जो किन्हीं कारणों से

अपनी पढ़ाई नियमित नहीं रख पाए हैं, वे सभी अपनी शिक्षा इस केंद्र की सहायता से पूरा करते हैं। इस केंद्र में विद्यार्थी M.Sc. Physics, B.A., B.Com., BTS, DTS, CTS, CIS, CHR आदि शैक्षणिक एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं। वर्तमान में 1180 विद्यार्थी इस केंद्र में IGNOU के माध्यम से अध्ययन कर रहे है। केंद्र में चल रहा CIS का कोर्स पुरे उत्तर भारत में केवल हमारे महाविद्यालय में ही संचालित हो रहा है।

**आजीविका मार्गदर्शन और परामर्श प्रकोष्ठ – ( प्रभारी – प्रो० सीता राम )**

विद्यार्थियों को जागरूक करने तथा विभिन्न प्रकार से रोज़गारों के लिए निपुण बनाने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार महाविद्यालय के स्तर पर आजीविका मार्गदर्शन और परामर्श प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। इस प्रकोष्ठ के माध्यम से महाविद्यालय के विद्यार्थियों में कम्युनिकेशन तथा रोज़गार से सम्बंधित निपुणता विकसित की जा रही है।

- इस सत्र में महाविद्यालय में बी० वॉक० (हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज़्म) के 3 विद्यार्थियों का चयन पांच सितारा होटल दी रियाल पैलेस जयपुर में हुआ।
- 30–12–2024 को Career Transformation University लुधियाना व IILM यूनिवर्सिटी गुरुग्राम द्वारा विभिन्न प्रोफ़ेशनल कोर्सों के विषय में विद्यार्थियों को जागरूक किया गया।

**पुस्तकालय – ( प्रभारी – श्रीमती निर्मला देवी )**

पुस्तकालय किसी भी शैक्षणिक संस्थान का अभिन्न अंग होता है। पुस्तकालय ज्ञान का महत्वपूर्ण स्त्रोत होता है, जहाँ अनेक पुस्तकें और पत्रिकाएँ उपलब्ध होती हैं। यह विद्यार्थियों और ज्ञान के इच्छुक लोगों के लिए शांति और अध्ययन का स्थान है। पुस्तकालय सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में भी योगदान देता है। महाविद्यालय पुस्तकालय में कुल 12638 पाठ्य पुस्तकें, 984 सन्दर्भ पुस्तकें, 18 पत्रिकाएं, 09 शोधपत्र एवं 541 पुस्तकें बुक बैंक में मौजूद हैं। 17 समाचार पत्र प्रतिदिन विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध करवाए जाते हैं। महाविद्यालय में ई–पुस्तकालय भी स्थापित किया गया है इसमें 13 कम्प्यूटर स्थापित किये गए हैं जिन्हें 200 Mbps के इंटरनेट कनेक्शन से जोड़ा गया है। ई–लाइब्रेरी में विद्यार्थियों के लिए wifi की सुविधा भी दी गई है। ई–लाइब्रेरी में विद्यार्थियों के लिए 195809 ई–पुस्तकें और 6293 शोध पत्र/पत्रिकाएं उपलब्ध हैं। महाविद्यालय में उच्च शिक्षण संस्थान समिति (HEIS)

का अपना एक पुस्तकालय है जिसमें 694 पाठ्य-पुस्तकें, 28 संदर्भ पुस्तकें, 10 पत्रिकाएं एवं 03 शोध पत्र शामिल हैं।

**कन्या छात्रावास ( वार्डन - डॉ० रीता कुमारी )**

महाविद्यालय में 90 छात्राओं के लिए एक कन्या छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है। छात्रावास में वर्तमान सत्र में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 81 छात्राएं रह रही है। जिनमें 53 स्नातकोत्तर और 28 स्नातक की पढ़ाई कर रही हैं। छात्रावास में रह रही छात्राओं के प्रबंधन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है जिसमें अनुशासन समिति, मैस समिति, खेलकूद समिति आदि शामिल हैं। छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए छात्रावास में योग, प्रार्थना सभा, सांस्कृतिक गतिविधियाँ समय अनुसार करवाई जाती हैं। छात्राएं स्वच्छता अभियान, पौधारोपण आदि गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से भाग लेती हैं।

**राष्ट्रीय कैडेट कोर - NCC ( प्रभारी - प्रो० राजीव शर्मा )**

NCC भारत का एक युवा संगठन है, जो विद्यार्थियों में अनुशासन, देशभक्ति और नेतृत्व कौशल का विकास करता है। महाविद्यालय की राष्ट्रीय कैडेट कोर-आर्मी विंग इकाई विद्यार्थियों में अनुशासन, देश प्रेम एवं साहस विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वर्तमान में महाविद्यालय में 54 कैडेट NCC में पंजीकृत हैं जिनमें 31 छात्र और 23 छात्राएँ हैं। NCC की इस सत्र की गतिविधियां एवं उपलब्धियाँ इस प्रकार हैं।

- वर्तमान सत्र में महाविद्यालय की NCC इकाई के 7 कैडेट्स ने भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती में लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की जिनमें से 4 कैडेट्स शारीरिक परीक्षा में भी उत्तीर्ण हुए हैं। 2 कैडेट्स ने भारतीय टेरीटोरियल आर्मी की शारीरिक परीक्षा तथा लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की है। 1 कैडेट ने केंद्रीय डोगरा रेजिमेंट की शारीरिक परीक्षा पास कर ली है। 7 अन्य कैडेट्स ने एचपी पुलिस-हवलदार भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। इन कैडेट्स की योग्यता को देखते हुए यह उम्मीद है कि इनमें से अधिकतर कैडेट्स भारतीय सेना व पुलिस में भर्ती होकर महाविद्यालय और घुमारवीं का नाम रौशन करेंगे।

- इस सत्र में तृतीय वर्ष के 13 कैडेट्स ने NCC{C} सर्टिफिकेट की परीक्षा A-Grade में उत्तीर्ण की। इसी के साथ द्वितीय वर्ष के 11 कैडेट्स ने NCC{B} सर्टिफिकेट की परीक्षा उत्तीर्ण की जिनमें 9 कैडेट्स ने A -Grade तथा 2 कैडेट्स ने B -Grade प्राप्त किया।
- 3 कैडेट्स ने गुजरात में 17 अक्तूबर 2024 से 1 नवंबर 2024 तक आयोजित SNIC कैंप में भाग लिया। इन कैडेट्स ने राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी के समक्ष प्रस्तुति भी दी।
- 6 NCC कैडेट्स ने पठानकोट में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के आर्मी अटैचमेंट कैंप में भाग लिया। इस कैंप के दौरान महाविद्यालय के NCC कैडेट्स ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में गॉल्ड मैडल प्राप्त कर महाविद्यालय तथा NCC युनिट का मान बढ़ाया।
- 1 कैडेट ने गणतंत्र दिवस पर शिमला में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में परेड में भाग लिया।
- 3 NCC कैडेट ने सोलन में 19 जून से 9 जुलाई 2024 तक आयोजित प्री थल सैनिक कैंप में भाग लिया।
- 2 कैडेट्स ने प्री–आर डी सी कैंप 1 व 2 में भाग लिया।
- 26 जुलाई 2024 को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा रिटायर्ड कर्नल जयदीप शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत दी।
- 7 अगस्त 2024 को एनसीसी कैडेट्स ने नया सवेरा एन०जी०ओ० के विशेष बच्चों संग गतिविधियों का आयोजन किया तथा रैली निकाल कर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया।
- स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा **हर घर तिरंगा** कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय से लेकर घुमारवीं बाजार तक रैली का आयोजन किया गया तथा स्थानीय लोगों को50 राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए तथा हर घर तिरंगा कार्यक्रम को जन–जन तक पहुँचाने में

अपना योगदान दिया। एनसीसी कैडेट्स ने घुमारवीं उपमंडल में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में भी भाग लिया।

- एनसीसी इकाई द्वारा सामाजिक सेवा और सामुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत पर्यावरण संरक्षण, नशीली दवाओं के दुरुपयोग, एचआईवी/एड्स, और **विविधता में एकता** जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा जागरूकता रैलियां निकाली गई।
- 30 नवम्बर 2024 को साइबर जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- इसके अतिरिक्त एन.सी.सी. इकाई ने स्वच्छ भारत अभियान, योग दिवस, पर्यावरण दिवस, घुमारवीं में आयोजित सीर महाउत्सव के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया।

**राष्ट्रीय सेवा योजना - NSS ( प्रभारी - प्रो० रमेश शर्मा व प्रो० पूजा )**

महाविद्यालय में दो NSS इकाईयां कार्यरत हैं और कुल 156 स्वयंसेवकों का नामांकन है, जिसमें 50 लड़के और 106 लड़कियां हैं। इस सत्र में आयोजित विभिन्न गतिविधियां नीचे सूचीबद्ध हैं -

- एनएसएस के 06 स्वयंसेवकों ने जिला स्तरीय प्री-आरडी शिविर, बिलासपुर में भाग लिया, जिनमें से स्वयंसेवक आंचला (यूनिट लीडर), बबली, हिम्मत सिंह और विवेक ठाकुर ने 01 अक्तूबर 2024 को सुंदर नगर, मंडी में आयोजित राज्य स्तरीय प्री-आरडी के लिए अर्हता प्राप्त की।
- महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने 29 जनवरी से 04 फरवरी 2025 तक महाविद्यालय परिसर में सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया जिसमें 63 स्वयंसेवकों ने भाग लिया।
- सत्र के दौरान विभिन्न एक दिवसीय एनएसएस शिविर आयोजित किये गए।

- 15 अगस्त 2024 को स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया।
- 22 अगस्त 2024 को वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया।
- राष्ट्रीय खेल दिवस पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।
- 24 सितंबर 2024 को एनएसएस दिवस के उपलक्ष्य पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- 26 नवंबर 2024 को संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया गया।
- 10 दिसंबर 2024 को मानवाधिकार दिवस समारोह का आयोजन किया गया।

**रोवर्स और रेंजर्स : ( प्रभारी– प्रो० कुमारी पूनमा व प्रो० मनीष कुमार )**

महाविद्यालय की रोवर्स और रेंजर्स इकाई विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ करवा कर रोवर्स और रेंजर्स को सामाजिक उतरदायित्व के लिए तैयार कर रही है। महाविद्यालय में रोवर्स और रेंजर्स की एक–एक इकाई कार्यरत हैं।

- इस वर्ष महाविद्यालय के 1 रोवर ने राष्ट्रपति अवार्ड प्रेपरटोरी कैंप में भाग लिया।
- महाविद्यालय के 1 रोवर और 2 रेंजर्स ने राज्य–पुरस्कार हासिल किया ।
- इस वर्ष महाविद्यालय के 1 रोवर व 1 रेंजर ने सर्विस कैंप में भाग लिया और 7 रोवर्स व 7 रेंजर्स ने निपुण टेस्टिंग कैंप में भाग लिया।
- महाविद्यालय के 3 रोवर्स और 2 रेंजर्स ने रिवालसर में आयोजित राज्य स्तरीय प्री–रिपब्लिक–डे कैंप में भाग लिया।
- रोवर्स और रेंजर्स इकाई द्वारा महाविद्यालय में करवाचौथ के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- रोवर्स और रेंजर्स इकाई ने घुमारवी में आयोजित सीर महाउत्सव में भाग लिया।

**रेड रिबन क्लब – ( प्रभारी – प्रो० ललित शर्मा )**

महाविद्यालय का रेड रिबन क्लब विद्यार्थियों को एच.आई.वी. तथा स्वास्थ्य से सम्बंधित विषयों पर जागरूक करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। वर्तमान सत्र में क्लब द्वारा आयोजित की गई गतिविधियां इस प्रकार हैं।

- एचपी–एस ए सी एस तथा रेड रिबन क्लब द्वारा बिलासपुर में आयोजित जिला स्तरीय मैराथन में आयुष ने तीसरा और बबली ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। इन दोनों विद्यार्थियों ने राज्य एड्स नियंत्रण समिति तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा राज्य स्तर पर आयोजित मैराथन प्रतियोगिता में जिला बिलासपुर की तरफ से भाग लिया।
- स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में 22 नवंबर 2024 को शहीद अंकुश ठाकुर के जन्म दिवस एवं एनसीसी दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं व गलवान अमर शहीद सिपाही अंकुश ठाकुर चैरिटेबल ट्रस्ट ने संयुक्त रूप से किया जिसमें जिला हॉस्पिटल बिलासपुर से ब्लड बैंक की 5 सदस्यीय टीम ने अपनी सेवाएँ प्रदान की।
- विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के रेड रिबन क्लब की तरफ से करवाया गया।
- राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के रेड रिबन क्लब ने नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी के जन्म दिवस पर एक नुक्कड़ नाटक का मंचन सीर उत्सव में किया।
- बिलासपुर में सी०ओ० कार्यालय में एक दिवसीय संवेदीकरण/संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें हमारे महाविद्यालय के एक नोडल शिक्षक और तीन छात्रों ने भाग लिया।
- युवा दिवस पर संयुक्त स्वास्थ्य अभियान के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश एड्स कण्ट्रोल सोसाइटी द्वारा एचआईवी से पीड़ित लोगों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक प्रोग्राम महाविद्यालय में रेड रिबन के माध्यम से आयोजित किया गया।

- एड्स के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए एक नुक्कड़ नाटक तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय में किया गया।

**इको क्लब ( प्रभारी – प्रो० ज्योति बरवाल )**

हिमाचल प्रदेश विज्ञान प्रौद्योगिकी और पर्यावरण परिषद् (HIMCOSTE) ने एक नोडल एजेंसी के रूप में NGC (नेशनल ग्रीन कॉर्प्स) कार्यक्रम के तहत राज्य के 3000 स्कूलों और 100 कॉलेजों में इको क्लब स्थापित किए गए हैं।

इको क्लब घुमारवीं का उद्देश्य प्रकृति, मानव जाति और पर्यावरण के बीच सकारात्मक प्रभाव पैदा करने के लिए विभिन्न पर्यावरणीय मुद्दों, प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग और उनके प्रबंधन पर कॉलेज के विद्यार्थियों को शिक्षित, प्रेरित और संवेदनशील बनाना है।

इको क्लब महाविद्यालय घुमारवीं ने 17 मई 2024 को पोषण और पोषण के लिए भोजन और जड़ी–बूटियों/औषधीय पौधों में बाजरा के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए एक दिन की क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया। इस अवसर पर पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता और प्रदर्शनी कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

इको क्लब महाविद्यालय घुमारवीं ने 16 सितंबर 2024 को विश्व ओजोन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। इस वर्ष विश्व ओजोन दिवस का विषय – **मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल : जलवायु कार्यवाही को आगे बढ़ाना** निर्धारित किया गया था। इस कार्यक्रम में ओजोन परत की सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता,पावरप्वाइंट प्रस्तुति और नारा लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

**जेंडर चैंपियन क्लब – ( प्रभारी – प्रो० रीता )**

यूजीसी के निर्देशानुसार वर्ष 2018–19 में महाविद्यालय में जेंडर चैंपियन क्लब का गठन किया गया है। यह क्लब महाविद्यालय के विद्यार्थियों को लिंग भेद के प्रति संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से महाविद्यालय के विद्यार्थियों में से जेंडर चैंपियन का चुनाव करता हैं, जो सत्र के दौरान विद्यार्थियों को लैंगिक समानता पर शिक्षित और मार्गदर्शन करते हैं। सत्र में छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता पर

जागरूक किया गया, सत्र के लिए चयनित जेंडर चैंपियन धीरज और सपना द्वारा पियर ग्रुप जागरूकता अभियान द्वारा विद्यार्थियों को जागरूक किया गया तथा महिला प्रकोष्ठ के साथ मिलकर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**सांस्कृतिक गतिविधियां – ( प्रभारी –डॉ० सुरेश शर्मा )**

महाविद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। सत्र 2024–25 सांस्कृतिक गतिविधियों से सराबोर रहा। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा समारोहों में विद्यार्थियों के चयन के लिए सितम्बर माह में **प्रतिभा खोज** कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें एकल गायन,एकल नृत्य तथा समूह नृत्य आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव तथा दो अक्तूबर को सीर उत्सव के अवसर पर अपनी आकर्षक प्रस्तुतियां दी। इस सत्र में विद्यार्थियों को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित युवा समारोहों में प्रश्नोत्तरी, वाद–विवाद, कोलाज, पोस्टर मेकिंग, कले माडलिंग, तथा समूह लोकनृत्य आदि प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर दिया गया। सांस्कृतिक समिति के अतिरिक्त एन.एस.एस., एन.सी.सी., रोवर एवं रेंजर तथा एक भारत–श्रेष्ठ भारत इकाइयों के तत्वावधान में भी विद्यार्थियों को अनेकों सांस्कृतिक अवसर प्रदान किए जाते हैं। इस सत्र में हर्षिता बी.एस.सी तृतीय वर्ष की छात्रा ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा समारोह में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

**खेलकूद गतिविधियाँ – ( प्रभारी – डॉ० अंजू शर्मा )**

महाविद्यालय ने विभिन्न खेलों में इंट्राम्यूरल और एक्स्ट्राम्यूरल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। सत्र 2024–25 के दौरान, कॉलेज ने पुरुष और महिला के लिए अलग–अलग 08 अंतर–कक्षा प्रतियोगिताएँ आयोजित की हैं। साथ ही असाधारण खिलाड़ियों को अतिरिक्त बढ़त देने के लिए शारीरिक शिक्षा और खेल विभाग ने पुरुष और महिला वर्ग में लगभग 20 खेलों में ट्रायल भी आयोजित किए। इसके अलावा, चयनित छात्रों ने विभिन्न खेलों में एचपीयू इंटर–कॉलेज चैंपियनशिप में संस्थान का प्रतिनिधित्व किया। विभाग द्वारा आयोजित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी इस प्रकार है –

- राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त, 2024 को मनाया गया, जहां पुरुष और महिला वर्ग में कबड्डी और बैडमिंटन अंतर–वर्ग चैंपियनशिप आयोजित की गई।
- महाविद्यालय को 12 से 14 नवंबर, 2024 तक हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा इंटर–कॉलेज बैडमिंटन महिला चैंपियनशिप की मेजबानी करने का सौभाग्य भी मिला।
- पी.जी.डी.सी.ए. के छात्र श्री अर्नव आदित्य सिंह पटियाल ने 01 से 04 दिसम्बर, 2024 तक राजकीय महाविद्यालय दौलतपुर चौक में आयोजित एचपीयू इंटर–कॉलेज बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रजत पदक जीता।
- बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा सुश्री बबली ने गायत्री कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कांगू में आयोजित एचपीयू इंटर–कॉलेज कुश्ती चैंपियनशिप में रजत पदक जीता जो कि 12 से 13 दिसंबर, 2024 को आयोजित की गईं।
- बी.ए. तृतीय वर्ष के छात्र श्री राजेंद्र सिंह ने 12 से 13 दिसंबर, 2024 तक गायत्री कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कांगू में आयोजित एचपीयू इंटर–कॉलेज कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता।
- बी.ए. तृतीय वर्ष के छात्र राजेंद्र सिंह ने 17 से 19 दिसंबर, 2024 तक वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी में आयोजित एचपीयू इंटर–कॉलेज वुशु चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता।
- एम.ए. प्रथम सेमेस्टर के छात्र पार्थ मेहता को जालंधर में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) में आयोजित उत्तर क्षेत्र कबड्डी पुरुष चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय कबड्डी पुरुष टीम के सदस्य के रूप में चुना गया जो कि 13 से 16 नवंबर, 2024 को आयोजित की गईं।
- बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र सौरभ को 20 से 23 फरवरी, 2025 तक ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी, हिसार, हरियाणा में आयोजित अखिल भारतीय शतरंज पुरुष चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शतरंज पुरुष टीम के सदस्य के रूप में चुना गया।

**स्वास्थ्य जागरुकता क्लब : ( प्रभारी – डॉ० महेन्द्र भाटिया )**

महाविद्यालय का स्वास्थ्य जागरुकता क्लब समय–समय पर स्वास्थ्य सम्बन्धी कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों को लाभान्वित करता है। क्लब के संयोजक प्रो० महेन्द्र भाटिया के मार्गदर्शन में क्लब ने महाविद्यालय में इको क्लब के सहयोग से मीलेटस के उपयोग से सम्बन्धित स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में छात्रों और शिक्षकों को मीलेटस और उनके उत्पादों के पोषण महत्त्व के बारे में बताया गया। इसके अलावा इस कार्यक्रम में डा० जीवेश नड्डा द्वारा प्रतिभागियों को औषधीय पौधों के उपयोग के बारे में बताया गया।

**साहित्यिक क्लब : ( प्रभारी – प्रो० मनोरमा देवी )**

14 सितम्बर 2024 को साहित्यिक क्लब द्वारा हिन्दी दिवस मनाया गया। राजभाषा हिन्दी को समुन्नत बनाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करवाया गया। इस उपलक्ष पर भाषण प्रतियोगिता, नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिताएं करवाई गई। विद्यार्थियों द्वारा कविता पाठ, नृत्य, नुक्कड़ नाटक आदि विभिन्न गतिविधियों का प्रस्तुतिकरण भी किया गया। अंग्रेजी विभाग द्वारा **सृजनात्मक लेखन** विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन 7 सितम्बर 2024 को किया गया। इस कार्यशाला में डा० नम्रता पठानिया ने आमन्त्रित वक्ता के रूप में शिरकत करते हुए सृजनात्मक लेखन के उद्देश्यों, कार्यविधि, क्षेत्र आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस कार्यशाला के अन्तर्गत विद्यार्थियों द्वारा कहानी, कविता आदि की रचनाएं भी की गई।

**एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब : ( प्रभारी – प्रो० रीना शर्मा )**

एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब द्वारा 24 अगस्त 2024 को महाविद्यालय में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार पारम्परिक हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। विद्यार्थियों द्वारा पेंटिंग प्रदर्शनी एवं स्वयं तैयार किए गए पारम्परिक व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अन्तर्गत विभिन्न राज्यों के पारम्परिक नृत्य भी प्रस्तुत किए गए।

8 अक्तूबर, 2024 को क्लब द्वारा नवरात्र के उपलक्ष पर विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें कविता पाठ, एकल गायन, समूह गायन, भजन गायन, भाषण, नवदुर्गा नृत्य, एकल नृत्य, राजस्थानी, हरियाणवी, मराठी समूह नृत्य, प्रश्नोत्तरी आदि पर मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गई।

**महिला प्रकोष्ठ ( वीमेन सेल ) : ( प्रभारी – डॉ० अंजना कुमारी )**

13 सितम्बर 2024 को महाविद्यालय में कार्यस्थल पर महिलाओं के प्रति यौन उत्पीड़न के विरुद्ध शिकायत निवारण प्रकोष्ठ की ओर से छात्राओं के लिए एक दिवसीय परिचय कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 100 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को प्रकोष्ठ की कार्यप्रणाली से परिचित कराना और उससे सम्बन्धित आवश्यक जानकारियाँ प्रदान करना था।

- 15 अक्तूबर 2024 को महाविद्यालय में प्रकोष्ठ द्वारा रंगोली एवं कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अभियान में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव को रोकने, शिक्षा में समान अवसर प्रदान करने एवं प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देने जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई।
- 9 दिसम्बर 2024 को महाविद्यालय में प्रकोष्ठ द्वारा एक विशेष व्याख्यान कर आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डी.एस.पी. घुमारवीं श्री चन्द्रपाल सिंह ने छात्रों को अपराध से बचने के उपायों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को कानूनी शिक्षा के प्रति भी जागरूक किया।

**सड़क सुरक्षा क्लब : ( प्रभारी – डॉ० प्रकाश चन्द गौत्तम )**

महाविद्यालय में सरकार के आदेशानुसार सड़क सुरक्षा क्लब का गठन किया गया है। क्लब का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों से अवगत करवाते हुए महाविद्यालय के आस-पास के क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित जागृति पैदा करना है। क्लब द्वारा इस सत्र में 110 विद्यार्थियों का पंजीकरण किया गया है। दिनाँक 22 फरवरी 2025 को क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा सम्बन्धित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**अभिभावक -अध्यापक संघ ( पी०टी०ए० ) :**

अभिभावक–अध्यापक संघ माता–पिता और शिक्षकों का एक औपचारिक संगठन है जो माता–पिता को अपने बच्चों की शिक्षा में शामिल करने के साथ–साथ महाविद्यालय प्रणालियों में मदद करने और सुधार करने के लिए बनाया गया है। 29 अक्तूबर 2024 को महाविद्यालय में सत्र 2024–25 के लिए अभिभावक–अध्यापक संघ की कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। इसमें 98 अभिभावकों ने भाग लिया।

**पी०टी०ए० कार्यकारिणी :**

| | | |
|---|---|---|
| प्रधान | : | श्री शशि भूषण ठाकुर |
| उपप्रधान | : | श्री राजेश कुमार |
| सचिव | : | डा० बासुदेव |
| सह सचिव | : | श्री रूपलाल |
| कोषाध्यक्ष | : | श्री संजीव ठाकुर |

**महाविद्यालय पत्रिका :**

महाविद्यालय प्रत्येक वर्ष अपनी पत्रिका 'पारिजात' का प्रकाशन करता है, अत: इस वर्ष भी पारिजात पत्रिका का सम्पादन एवं प्रकाशन किया जा रहा है। इस पत्रिका में डा० राकेश चन्देल मुख्य सम्पादक की भूमिका में है एवं अन्य आचार्यगण जो अनवरत सहायक रहेंगे उनके नाम अधोलिखित हैं–

| | | |
|---|---|---|
| डॉ० राकेश चन्देल | – | मुख्य सम्पादक |
| प्रो० पुष्पेन्द्र सिंह | – | योजना प्रमुख |
| डॉ० रमेश चन्द | – | पहाड़ी अनुभाग |
| डॉ० मनोरमा देवी | – | हिन्दी अनुभाग |
| डॉ० अंजना कुमारी | – | संस्कृत अनुभाग |

प्रो० रीना शर्मा – आंग्ल भाषा अनुभाग

डॉ० ज्योति बरवाल – विज्ञान अनुभाग

प्रो० पूनमा – वाणिज्य अनुभाग

**केन्द्रीय छात्र परिषद् ( सी०एस०सी०ए० )**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार महाविद्यालय घुमारवीं में सत्र 2024–25 के लिए केन्द्रीय छात्र परिषद् का गठन किया गया। जिसमें स्वाति स्नातकोत्तर गणित प्रथम सत्र की छात्रा स्वाति को अध्यक्ष, एम.ए. राजनीति शास्त्र प्रथम सत्र की छात्रा दीक्षा को उपाध्यक्ष, बी.सी.ए. प्रथम सत्र के छात्र उदय ठाकुर को सचिव तथा बी.कॉम प्रथम वर्ष की छात्रा राशिका शर्मा को सह–सचिव नामित किया गया। इसके अतिरिक्त 9 विभागीय प्रतिनिधि, 21 कक्षा प्रतिनिधि तथा सांस्कृतिक गतिविधियों, खेलकूद, रोवर एण्ड रेंजर्स, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा एन.सी.सी. में दो–दो प्रतिनिधियों को नामित किया गया।

**छात्रवृत्तियाँ ( 2024–2025 ) : ( प्रभारी – प्रो० अवनीश )**

विद्यार्थियों को अध्ययन में आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार एवं हिमाचल प्रदेश सरकार के सौजन्य से विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियाँ प्रदान की जाती हैं। जिसका आवेदन स्वयं छात्रों द्वारा ऑनलाइन किया जाता है। सत्र 2024–25 में महाविद्यालय के 458 छात्रों ने छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया है। विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त आवेदनों की यथोचित जाँच के बाद 456 विद्यार्थियों के आवेदन सही पाए गए हैं जोकि आगामी कार्यवाही के लिए सरकार को प्रेषित किए जा चुके हैं। शीघ्र ही उपरोक्त विद्यार्थियों को उनकी छात्रवृत्ति बैंक खातों में आ जाएगी।

## सत्र 2024–25 के दौरान अन्य कार्यक्रम और गतिविधियाँ :

1. स्वामी विवेकानन्द राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में सत्र 2024–25 में स्नातक अन्तिम वर्ष के परीक्षा परिणाम में हिमाचल प्रदेश विश्व विद्यालय में मेरिट लिस्ट में रहने वाले टॉपर्स वैष्णवी शर्मा और रक्षित को सम्मानित किया गया।

2. महाविद्यालय के बी.बी.ए. और बी.सी.ए. प्रथम सेमेस्टर के छात्रों के लिए एक ओरियंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही बी.ए. बी. कॉम व बी.एससी. के छात्रों के लिए भी ओरियंटेशन सत्र का आयोजन किया गया।

3. महाविद्यालय की एम.एस.सी. भौतिक विज्ञान की छात्रा का चयन यू.एस.ए. की विलानोवा यूनिवर्सिटी में पीएचडी के लिए हुआ।

4. हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा गठित पुस्तकालय निरीक्षण समिति ने महाविद्यालय घुमारवीं के पुस्तकालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण समिति ने पुस्तकालय में पुस्तकों की संख्या का विवरण तथा छात्रों को वितरण समाचार पत्र–पत्रिका, लाईब्रेरी साफ्टवेयर, दैनिक लाभान्वित छात्रों तथा प्राध्यापकों का ब्योरा, रीडिंग कक्षा में व्यवस्था तथा विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं का विस्तृत जायजा किया।

5. महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा शिक्षक दिवस पर विभिन्न सांस्कृतिक व शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट सोसायटी द्वारा शिक्षक समारोह का आयोजन किया गया।

6. महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग व पूर्व छात्र विकास परिषद् द्वारा सृजनात्मक लेखन पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। डा० नम्रता पठानिया ने इस कार्यशाला में आमन्त्रित वक्ता के रूप में शिरकत की।

7. महाविद्यालय घुमारवीं में जेंडर चैम्पियन क्लब, बी.बी.ए., बी.सी.ए. महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ और व्यक्तिगत स्वच्छता पर कार्य कर रही अन्तर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य कम्पनी के संयुक्त तत्वाधान में मासिक धर्म के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्त्व और इस दौरान रखी जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी देने हेतु एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

8. महाविद्यालय में हिन्दी दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर भाषण प्रतियोगिता, नारा लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बड़-चढ़कर भाग लिया।

9. महाविद्यालय में साईंस सोसायटी द्वारा विश्व ओजोन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों की पीपीटी प्रेजैन्टेशन कोलॉज मेकिंग तथा नारा लेखन प्रतियोगिता के माध्यम से ओजोन परत के निरंतर ह्रास तथा उसकी सुरक्षा के लिए चिंता व्यक्त करते हुए चिंतन किया।

10. महाविद्यालय में एचईआईएस के बीसीए तथा पीजीडीसीए विभाग की ओर से विद्यार्थियों के लिए बैव डेवलपमेंट यूजिंग फुल स्टैक विषय पर सेमिनार करवाया गया।

11. मैथमेटिकल ट्रेनिंग एण्ड टैलेंट सर्च प्रोग्राम (एमटीटीएस) के द्वारा राष्ट्रीय प्रौद्योगिक संस्थान हमीरपुर में 16-21 सितम्बर तक एक गणित कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के 3 विद्यार्थियों ज्योति, प्रियांशी (गणित विभाग बीएसी द्वितीय वर्ष) व अभिषेक ने भाग लिया।

12. बी.वाक विभाग द्वारा विश्व पर्यटन दिवस मनाया गया। पर्यटन सप्ताह के चौथे दिन विभाग के छात्रों ने विभिन्न फूड स्टॉल्स भी लगाए। इस दिन अंग्रेजी विभाग के छात्र-छात्राओं के द्वारा भी फूड स्टॉलस लगाए गए।

13. महाविद्यालय में केन्द्रीय छात्र परिषद् के 44 प्रतिनिधियों को पद की शपथ दिलाई। प्रधान पद के लिए साक्षी शर्मा, उपप्रधान पद के लिए दीक्षा, सचिव पद के लिए उदय ठाकुर तथा सह सचिव के लिए रक्षित शर्मा को शपथ दिलाई गई।

14. अंग्रेजी विभाग की ओर से नवरात्र के उपलक्ष्य पर विभिन्न शैक्षिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

15. अंग्रेजी विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए कम्युनिकेशन सकिल्स व इन्टरव्यू सकिल्स पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

16. महाविद्यालय के विद्यार्थियों की प्रतिभा को उकेरने के लिए महाविद्यालय में टैलेंट हंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों जैसे एकल नृत्य, नाटक, समूह नृत्य, एकल गान, समूह गान जैसी प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

17. महाविद्यालय के बी.वॉक के छात्र–छात्राओं ने खुदरा प्रबन्धन के छात्रों ने कॉलेज के मैदान में परचून दुकान का आयोजन किया।

18. अंग्रेजी विभाग ने भारतीय नववर्ष पर विभिनन सांस्कृतिक व शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया।

19. महाविद्यालय में अन्तर कॉलेज महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय स्पर्धा में 17 कॉलेजों की 70 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

20. महाविद्यालय घुमारवीं में स्वीप यानि सिस्टमैटिक वोटर एजुकेशन इन इलेक्टोरल पार्टीसिपेशन क्लब द्वारा हेल्प डेस्क लगाया गया।

21. महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के एम.ए. के छात्र–छात्राओं के द्वारा छठ पूजा पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

22. महाविद्यालय के गणित विभाग द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। इस अवसर पर गणित विभाग द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन, मैथमेटिक्स ओलिंपियाड़, पोस्टर निर्माण और क्विज प्रतियोगिताएं करवाई गई।

23. महाविद्यालय में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन गया।

## महाविद्यालय प्राध्यापकों की व्यक्तिगत, शैक्षिक एवं व्यावसायिक उपलब्धियां ( सत्र–2024–25 )

1. **डॉ० सुरेश शर्मा सह-प्राध्यापक संगीत गायन** – 28–29 अगस्त 2024 को आकाशवाणी शिमला के ऑडिशन बोर्ड के सदस्य के रूप में अपनी सेवायें दी। प्रतिष्ठित हिन्दी समाचार में प्रकाशित 200

सम्पादकीय लेखों से संकलित पुस्तक **अनुभूति एवं अभिव्यक्ति** का प्रकाशन अन्तर्राष्ट्रीय मैत्री तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए बहरीन में भारतीय राजदूतावास तथा हिमाचल प्रदेश समुदाय की ओर से आमन्त्रित कलाकारों के दस दिवसीय दौरे में सांस्कृतिक दल का नेतृत्व।

2. **डॉ० विक्रम सिंह कपिल सह-आचार्य (गणित विभाग)** ने राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर द्वारा आयोजित दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया तथा एक सत्र में सत्र अध्यक्ष के रूप में कार्य किया।

3. **प्रो० अवनीश कुमार (सहायक आचार्य)** - एक हफ्ते की कार्यशाला में भाग लिया। कृत्रिम होशियारी में पुनश्चर्या पाठ्यक्रम को पूरा किया व दो शोध पत्र प्रकाशित किए।

4. **डॉ० बासुदेव सहायक आचार्य (वाणिज्य विभाग)** ने एक पुस्तक कॉरपोरेट अकाऊंटिंग प्रकाशित की। राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों में तीन शोध पत्र प्रस्तुत किये व एक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में भाग लिया।

5. **विवेक कुमार (सहायक आचार्य गणित विभाग)** ने इन्दौर इंस्टिट्यूट ऑफ साईंस एण्ड टेक्नोलॉजी से 23 दिसम्बर से 28 दिसम्बर 2024 तक आयोजित साप्ताहिक नेशनल लेवल फैकल्टी डेवलमेंट प्रोग्राम A+ ग्रेड में उत्तीर्ण किया व 16-17 नवम्बर को ग्याहरवें HSCA अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

6. **डॉ० मनोरमा देवी (सहायक आचार्या हिन्दी विभाग)** ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के अन्तर्गत इस सत्र में पीएच.डी. की उपाधि हासिल की। इसके अलावा एक राष्ट्रीय संगोष्ठी तथा तीन क्षमता संवर्धन कार्यशालाओं में भाग लिया।

7. **डॉ० रिपन कुमार सहायक आचार्य (संस्कृत विभाग)** द्वारा मौजूदा सत्र में विभिन्न राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों में भाग लिया तथा विभिन्न विषयों पर शोध पत्र प्रस्तुत किए। डॉ० रिपन द्वारा दो शोध लेख भी प्रकाशित करवाए गए। इसके अतिरिक्त उन्होंने विषयों पर विभिन्न संस्थाओं में आमन्त्रित वक्ता के रूप में व्याख्यान दिए। आपको वैश्विक संस्कृत मंच संस्था द्वारा हिमाचल प्रान्त

के सचिव के पद पर मनोनित किया गया। डॉ० रिपन को संस्कृत विभाग हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा नई शिक्षा प्रणाली के अन्तर्गत पाठ्यक्रम निर्माण समिति में सदस्य के रूप में दो वर्ष के लिए मनोनीत किया गया।

8. **ज्योत्सना शर्मा ( सहायक आचार्या भौतिक विभाग )** ने कृत्रिम होशियारी पर आयोजित पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में भाग लिया।

9. **डॉ० हंसा देवी ( सहायक आचार्या भौतिक विज्ञान )** ने एक कार्यशाला में भाग लिया व कृत्रिम होशियारी में पुनश्चर्या पाठ्यक्रम को उत्तीण किया।

10. **डॉ० मनीष कुमार** – सहायक आचार्य ने 10 दिसम्बर 2024 से 23 दिसम्बर 2024 तक केन्द्रीय विश्विद्यालय जम्मू द्वारा आयोजित दो सप्ताह के रिफ्रेशर कोर्स को सफलतापूर्वक पूरा किया। 6–10 नवम्बर 2024 तक नैनो टेक्नोलॉजी विषय पर कार्यशाला में भाग लिया व एक मैनुस्क्रिप्ट प्रकाशित किया।

11. **प्रो० अनिल कुमार सहायक आचार्य ( गणित विभाग )** ने इन्दौर इन्सटीट्यूट ऑफ साईंस एण्ड टेक्नोलॉजी से 23 दिसम्बर से 28 दिसम्बर 2024 तक आयोजित साप्ताहिक नेशनल लेवल फैकल्टी डेवलमेंट प्रोग्राम A+ ग्रेड में उत्तीर्ण किया।

12. **प्रो० ललित शर्मा सहायक आचार्य ( गणित विभाग )** ने इंदौर आभियान्त्रिकी महाविद्यालय एवं भारतीय गणित सोसाइटी द्वारा आयोजित संकाय विकास कार्यक्रम में भाग लिया।

13. **डॉ० चंचल कुमार ( अंग्रेजी विभाग )** ने विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों द्वारा आयोजित 4 संकाय विकास कार्यक्रमों में भाग लेकर सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया। इन्होंने एक अन्तर्राष्ट्रीय एवं एक राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में समीक्षक के रूप में कार्य किया। डॉ० चंचल ने इस सत्र में दो राष्ट्रीय कार्यशालाओं में भाग लिया।

14. **प्रो० कुमारी पूनमा सहायक आचार्य ( वाणिज्य विभाग )** ने एक रिफ्रेशर कोर्स किया व चार शोध पत्र प्रकाशित किये। दो महीने का एक सर्टिफिकेट कोर्स व सात दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया।

15. **डॉ० अरूण कुमार सहायक आचार्य ( पर्यटन विभाग )** ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अन्तर्गत इस सत्र में पीएच.डी. की उपाधि हासिल की। इसके अलावा एक रिफ्रेशर कोर्स एवं एक राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया।
16. **प्रो० राजीव शर्मा सहायक आचार्य कंप्यूटर साईंस** ने NIT हमीरपुर हिमाचल प्रदेश से Recent Treads in Network and Communication : Cyber Security Challanges विषय पर 23–28 सितम्बर 2024 तक आयोजित एक सप्ताह का शॉर्ट टर्म कोर्स किया।
17. **प्रो० राकेश कुमार ( इतिहास विभाग )** ने काकीनाडे (आंध्र प्रदेश) में अखिल भारतीय सिविल सेवा हॉकी टूर्नामेंट में भाग लिया।
18. **डॉ० प्रवीण कुमार ( सहायक प्रोफेसर पर्यावरण विज्ञान )** ने तीन शोध पत्र अन्तर्राष्ट्रीय और दो शोध पत्र राष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित किये। उन्होंने बेव ऑफ सांइसेज और स्कोपस में अनुक्रमित दो प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं के लिए समीक्षक के रूप में भी काम किया।

## महाविद्यालय की परिकल्पना

स्वामी विवेकानन्द राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं इस क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक रूपान्तरण का प्रमुख उपादान सिद्ध हो रहा है। यह संस्थान अपने विद्यार्थियों को शैक्षणिक दृष्टि से उत्कृष्ट, व्यवसायिक दृष्टि से कौशल सम्पन्न, मानसिक रूप से दृढ़ तथा सामाजिक रूप से उत्तरदायी बनाते हुए उनके सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्प है।

महोदय कुल मिलाकर यह सत्र सुव्यवस्थित एवं उपलब्धियां से पूर्ण रहा है अच्छे परीक्षा परिणाम, क्रीड़ा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन, महाविद्यालय में अनुशासन एवं शैक्षणिक गरिमा बनाए रखने का श्रेय मेरे सहयोगी कर्मठ प्राध्यापकों, कुशल कार्यालय कर्मचारियों एवं अनुशासित छात्र समुदाय को जाता है जिसके लिए वह बधाई के पात्र हैं। मैं उन मेधावी छात्र–छात्राओं को बधाई देता हूं जिनको आज इस पुरस्कार वितरण समारोह में पुरस्कार प्राप्त करने का गौरव प्राप्त हुआ है। पुरस्कार सम्मान का द्योतक होता है तथा जीवन में प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन्न करता है। जो छात्र किन्हीं कारणों से पुरस्कार प्राप्त करने में सफल नहीं हो सके उन्हें हतोत्साहित न होकर अपने मेधावी साथियों से प्रेरणा पाकर प्रतिस्पर्धा में आने

का प्रयास करना चाहिए। इस वर्ष स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर की शिक्षा पूरी करने वाले विद्यार्थियों के प्रति मैं अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं तथा उनके मंगल भविष्य की कामना करता हूं। इस महाविद्यालय को सुव्यवस्थित करने में स्थानीय प्रशासन, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, नगर परिषद, खंड विकास एवं उपमंडल के अधिकारियों, लोक-निर्माण विभाग, सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग, मीडिया, प्रशासन तथा ट्रांसपोर्ट विभाग का अपूर्व सहयोग हमें मिलता रहा है। जिसके लिए हम उनके हृदय से धन्यवादी हैं।

हम आभारी हैं माननीय मुख्यातिथि राजेश धर्माणी (टाउन एण्ड कन्ट्री प्लानिंग मन्त्री हिमाचल प्रदेश) के जिन्होंने अपने अमूल्य एवं अति व्यस्त समय में से बहुमूल्य समय निकालकर हमारे वार्षिक उत्सव पर हमारे छात्रों के उत्साहवर्धन एवं कर्मचारियों के मार्गदर्शन हेतु पधार कर हमें गौरवान्वित किया है। घुमारवीं की जनता एवं जनप्रतिनिधियों का भी मैं हृदय से आभारी हूं। महाविद्यालय के अध्यापक-अभिभावक संघ के प्रधान एवं समस्त कार्यकारिणी का भी मैं धन्यवाद करता हूं जिनके सक्रिय सहयोग से हमने महाविद्यालय में विकासात्मक गतिविधियों के नए आयाम स्थापित किए हैं।

अंततः मैं माननीय मुख्य अतिथि महोदय एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का एक बार पुनः हमारे बीच उपस्थित होने के लिए हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त करता हूँ।

**जय हिन्द, जय हिमाचल।**

**डॉ० राकेश राणा**
प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय
घुमारवीं, जिला बिलासपुर (हि०प्र०)